हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 जनवरी 2024

11 सेम समस्या के समाधान को लेकर किसानों से डीसी ने...



12 कुलां में काटी कालोनी में निर्माण शुरू, प्लाटों में ...



## खबर संक्षेप

### श्याम नगर में जैन स्थानक का उद्घाटन आज

**फतेहाबाद।** श्री श्याम नगर फतेहाबाद में नवनिर्मित जैन स्थानक का उद्घाटन 13 जनवरी को जैन साध्वी श्रुति महाराज एवं निधिका महाराज ठाणे-3 के पावन सानिध्य में किया जाएगा। वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं एसएस जैन सभा श्याम नगर की प्रधान नेहा मित्तल ने बताया कि इस उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा एवं ध्वजा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

### डेयरी संचालक से हजारों रुपए की नकदी छीनी

**रतिया।** पुलिस को दी शिकायत में बिहार के चंपारण क्षेत्र निवासी प्रवीण ने बताया कि वह रतिया में हैप्पी मॉडल स्कूल के पास दूध की डेयरी चला रहा है। बीते दिन दोपहर के समय बाइक सवार तीन अज्ञात युवक दूध और घी की मांग करने के बाद एक युवक ने चाकू निकालकर उसके हाथ पर वार कर दिया। जिसके बाद दो युवकों ने उसे पकड़ लिया और तीसरे ने उसके गल्ले से 4-5 हजार रुपये की नकदी व कैमरे की डीवीआर निकाल ली।

### जिले से दो युवतियां लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां पुलिस को दी शिकायत में भट्टूकलां निवासी दौलत राम ने कहा है कि उसकी 21 वर्षीय लड़की बिना बताए घर से कहीं चली गई है। दूसरे मामले में टोहाना पुलिस ने कृष्णा कालोनी टोहाना निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 26 वर्षीय लड़की के लापता होने बारे कोस दर्ज किया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

फतेहाबाद। गांव भोड़ियाखेड़ा के पास एक ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाबी खुर्द निवासी इन्द्रजीत ने कहा है कि उसका भाई दयाराम गत दिवस मोटरसाइकिल से फतेहाबाद से घर लौट रहा था तभी भोड़ियाखेड़ा गांव के पास सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर के चालक ने बाइक में सीधी टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाइक सवार दयाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### मढ में वार्षिक मेला व कबड्डी टूर्नामेंट 15 से

**फतेहाबाद।** जय पीर बाबा अकबर शहनशाह दरगाह गांव मढ़ में 12वां कबड्डी टूर्नामेंट व जोड़ मेला आगामी 15 व 16 जनवरी दिन सोमवार व मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है। गांव मढ़ में आयोजित होने वाले जोड़ मेले में गुरु का अटूट लंगर चलाया जाएगा।

### रतिया में ट्रक की टक्कर से कार चालक घायल

**फतेहाबाद।** रतिया में फतेहाबाद रोड पर एक ट्रक ने कार में सीधी टक्कर दे मारी। रतिया पुलिस को दी शिकायत में गांव फुलां निवासी दलीप सिंह ने कहा है कि गत दिवस देर रात को वह रतिया से कार में सवार होकर अपने गांव फुलां जा रहा था। हैफेड गोदाम के पास एक ट्रक के चालक ने उसकी गाड़ी में सीधी टक्कर दे मारी। इस हादसे में गाड़ी सवार दलीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक को वहीं खड़ा करके मौके से फरार हो गया।

### रतिया शहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में सैनी मोहल्ला रतिया निवासी हरजीत सिंह ने कहा है कि उसकी मेन बाजार में गारमेंटस की दुकान है। गत दिवस वह अपनी बाइक को पशु अस्पताल, मेन बाजार की पार्किंग में खड़ा करके दुकान पर गया था। शाम को जब वह वापस आया तो उनकी मोटरसाइकिल गायब थी।

## दिसम्बर-जनवरी में बरसात न होने से बिजली-पानी की डिमांड बढ़ी

# डीजल पम्पों से सिंचाई करने को विवश किसान, कृषि लागत में हुई बढ़ोतरी

- बारिश न होने से लगातार सूखी ठंड व धुंध पड़ रही है, इस कारण बिजली व पानी की डिमांड बढ़ गई

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

इस बार पश्चिमी विक्षोभ के ज्यादा सक्रिय न होने के कारण दिसम्बर व जनवरी महीने में अब तक बिलकुल बारिश नहीं हुई। बारिश न होने से लगातार सूखी ठंड व धुंध पड़ रही है। इस कारण बिजली व पानी की डिमांड बढ़ गई है। ऐसा 11 सालों बाद हुआ है। प्रदेश में पिछले 15 दिनों में करीब 3 करोड़ यूनिट प्रतिदिन बिजली की डिमांड में इजाफा हुआ है। मौसम विभाग ने 14 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की उम्मीद जताई है, जिस कारण प्रदेश में बारिश व बूंदाबांदी की भविष्यवाणी की गई है।

इस बार 19 दिसम्बर तक दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहा। 23 दिसम्बर से धुंध पड़नी शुरू हो गई, जिसके बाद लगातार तापमान में गिरावट आती गई। 23 दिसम्बर से लगातार प्रदेश में धुंध पड़ रही है, जिस कारण ठंड नए रिकार्ड बना रही है। प्रदेश का न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री से 6.4 डिग्री के बीच घूमता रहा। ऐसा 11 सालों बाद हो रहा है कि प्रदेश में पूरा दिसम्बर बीत गया और जनवरी के 12 दिन बीत जाने के बावजूद बारिश नहीं हुई। बारिश न होने से रबी फसलों को पूरी खुराक नहीं मिल पाई। हालांकि गेहूं के लिए धुंध ने खाद का काम किया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर कम रहने के कारण बरसात नहीं हुई और धुंध पड़ती रही। अब बरसात होती है तो गेहूं में फुटाव अच्छा होगा और उत्पादन भी काफी बेहतर होगा। बरसात न होने से सरसों व चने की फसल में बढ़वार रूक जाती है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ता है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार लगातार धुंध पड़ना गेहूं के लिए फायदा है।



फतेहाबाद। धुंध की आगोश में गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

### खेती की लागत बढ़ी

दिसम्बर-जनवरी में किसानों को गेहूं में सिंचाई नहीं करनी पड़ती थी। बरसात के कारण किसानों को बिजली व पानी दोनों की बचत हो जाती थी। इस बार धुंध पड़ने से खेती के लिए बिजली कम मिली, जिस कारण किसानों ने डीजल से पम्पसेट चलाकर खेतों में सिंचाई की। इससे किसानों की लागत भी बढ़ गई।

### डिमांड बढ़ी

डीएचबीवीएन के कार्यकारी अभियंता संदीप मेहता ने कहा कि प्रदेश में 25 दिसम्बर तक 13 करोड़ 50 लाख यूनिट प्रतिदिन बिजली की डिमांड थी। अत्यधिक ठंड के कारण अब प्रतिदिन प्रदेश में 16 करोड़ यूनिट की डिमांड है। डिमांड के अनुसार बिजली सप्लाई की जा रही है।

### आज से पश्चिमी विक्षोभ के चलते बूंदाबांदी के आसार

हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमएल खिचड़ के अनुसार प्रदेश में 15 जनवरी तक मौसम खुश्क रहेगा। 13 से 14 जनवरी को हल्के बादल छा सकते हैं। इस दौरान हल्की गति से उत्तर पश्चिमी शीत हवाएं चलने की संभावना है। इससे राज्य में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है जबकि रात के तापमान में गिरावट आएगी। ज्यादातर इलाकों में सुबह धुंध छा सकती है। बरसात न होने व बिजली की कमी के चलते इस बार गेहूं बिजाई का लक्ष्य भी पूरा नहीं हो सका। बीते वर्ष जिले में 1 लाख 83 हजार 400 हैक्टेयर भूमि पर गेहूं व 25 हजार 120 हैक्टेयर भूमि पर सरसों की बिजाई की गई थी। इस बार जिले में अब तक 1 लाख 82 हजार 570 हैक्टेयर भूमि में गेहूं की व 23 हजार 550 हैक्टेयर में सरसों की बिजाई हुई है। धुंध गेहूं के लिए बरसात का ही काम कर रही है जबकि किसानों को सरसों में हल्की सिंचाई की जरूरत है।

-डॉ राजेश सिहाग, डीडीए, फतेहाबाद

## घनी धुंध से विजीबिलिटी हुई जीरो दोपहर बाद निकली धूप से मिली राहत



फतेहाबाद। दोपहर 11 बजे तक कोहरे से घिरा शहर। फोटो : हरिभूमि

- वाहन रेंगते नजर आए वहीं कड़कड़ाती ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर में शुक्रवार सुबह घने कोहरे ने फतेहाबाद को अपनी आगोश में ले लिया। कोहरे के कारण जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया वहीं विजीबिलिटी जीरो होने से सड़कों पर जहां वाहन रेंगते नजर आए वहीं कड़कड़ाती ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। दोपहर 12 बजे तक कोहरा छाया रहा लेकिन उसके बाद निकली तेज धूप ने लोगों को ठंड से कुछ राहत जरूर प्रदान की। धूप निकलने के बाद ही कोहरे का प्रभाव खत्म हुआ। सुबह और रात की ठंड और दिन में निकल रही धूप का सीधा-सीधा लाभ गेहूं की फसल को मिल रहा है। जिस प्रकार कड़ाके की ठंड पड़ रही है, उसे देखते हुए आने वाले दिनों में पाला जमने की आशंका बन गई हैं और यह पाला फसलों के लिए काफी हानिकारक होगा। आज फतेहाबाद का न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री और अधिकतम तापमान 19 डिग्री दर्ज किया गया। 10 जनवरी को इसका असर खत्म होते ही 10 व 11 जनवरी को दोपहर के समय हलकी धूप निकली थी। इस धूप के दर्शन लगभग एक पखवाड़े बाद क्षेत्र में हुए थे, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली थी। धूप का नतीजा यह रहा कि शुक्रवार सुबह घना कोहरा देखने को मिला। करीब 12 बजे तक भी धुंध छाई हुई है।

## सबका साथ-सबका विकास की नीति पर हो रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि राष्ट्र की आत्मा गांवों में बसती है और हमारी अर्थव्यवस्था अब भी खेती बाड़ी पर ज्यादा निर्भर है। इसलिए गांवों के चहुंमुखी विकास के बिना प्रदेश और देश के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। सांसद दुग्गल शुक्रवार को जिला के गांव धनूर, ऐलनाबाद के जनता गर्ल्स महाविद्यालय, संत कबीर धानक धर्मशाला ऐलनाबाद, मैन चौपाल मल्लेकां में आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्यअतिथि संबोधित कर रही थी। सांसद ने सांसद निधि के तहत होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। सांसद ने कहा कि वर्तमान केंद्र व प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल में गांवों के समग्र विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई। प्रदेश सरकार जन समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर है और पूरे प्रदेश में बिना भेदभाव व सबका साथ-सबका विकास की नीति पर चलते हुए विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। सांसद ने ग्रामीणो की बिजली, पानी, गली निर्माण, पेयजल संबंधी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को तत्परता से कार्रवाई के निर्देश दिए। सांसद ने गांव धनूर गुरुद्वारा के पास 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाले शैड का शिलान्यास किया। साथ ही गांव धनूर में 5 लाख रुपए की लागत बनी इंटरलोक गली का भी उद्घाटन किया। उन्होंने जनता गर्ल्स महाविद्यालय ऐलनाबाद में 6 लाख रुपये की लागत से निर्मित शैड, संत कबीर धर्मशाला में 8 लाख रुपये की लागत से बने कमरों का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर ब्लॉक समिति चेयरमैन चोपटा विनोद नागर, भगवत ठाकुर सिंह, बलवान जांगड़ा, पूर्ण चंद, सरपंच थिराज प्रगट, सत्यवान दुग्गल, छिंदर आदि मौजूद रहे।



सिरसा। सांसद दुग्गल ऐलनाबाद में जनता गर्ल्स महाविद्यालय में निर्मित शेड का लोकार्पण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## 22 को होगी शनिदेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में आयोजित होने वाले मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियां जोरों शोरों से जारी है। सिरसावासियों से सहयोग से 250 वर्ष पुराने मंदिर का जीणोद्धार कर भव्य रूप प्रदान किया गया है। भगवान राम की पावन जन्मस्थली अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के लोकार्पण के शुभ मुहूर्त के अवसर पर ही शनिदेव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 18 से 22 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव में श्री बाबो सा भगवान की परम अराधिका मंजूबाई सा विशेष रूप से आएंगी। प्राचीन शनिदेव मंदिर के पुजारी चंद्रमोहन भृगुवंशी ने शुक्रवार को बताया कि जीणोद्धार के बाद मंदिर में भगवान शनिदेव जी की कुल 11 प्रतिमाएं मंदिर में विराजमान होंगी। इनमें से 250 वर्ष पुरानी हाथी पर सवार प्रतिमा अद्भुत है। उनके अलावा करीब साढ़े चार फुट ऊंची शिगनापुर शनि शिला तथा नौ वाहनों पर विराजमान शनि जी के स्वरूप हैं। शनि भगवान की ये सभी प्रतिमाएं पश्चिममुखी होंगी, जो अति शुभ फल देने वाली हैं। मंदिर में नवग्रहों का दरबार भी स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा बाबो सा भगवान की प्रतिमा तथा राम दरबार का विग्रह भी स्थापित किया जाएगा। मंदिर में हनुमान जी, मां दुर्गा व शिव परिवार के सुंदर स्वरूप विराजमान करवाए जाएंगे। मंदिर पुजारी ने बताया कि यह उत्तर भारत का सबसे बड़ा शनि मंदिर है जो बड़े ही दिव्य तरीके से सजाया गया है। उन्होंने बताया कि अधिकतर शनि मंदिरों में काले रंग के पत्थर, टाइलें लगाई जाती हैं परंतु यह पहला मंदिर है जहां लगाई जा रही टाइल्स सफेद रंग की हैं और कारीगरों द्वारा कलात्मक डिजाइन में भव्य सजावट की गई है।



सिरसा। पत्रकारों से बात करते हुए शनिदेव मंदिर के पुजारी चंद्रमोहन भृगुवंशी। फोटो : हरिभूमि

## महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूना में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में शुक्रवार को कैलाश शर्मा और जियालाल बंसल ने मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में विशेष रूप से उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कैलाश शर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि महापुरुषों के जीवन के अनुभव और उनके विचार जीवन की विपरीत परिस्थितियों में दृढ़ता से डटे रहने और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं। जियालाल बंसल ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवक महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन के महानतम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल नरेश शर्मा ने की और कुशल मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार सुथार ने किया। इस अवसर पर स्वयंसेविका स्नेहा ने भाषणए मनीषा और निकिता ने एक लघु नाटिका और रेनू बाला ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। अन्य गतिविधियों में खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई।



भूना। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में खेलों में विजेताओं को सम्मानित करते हुए अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा क्रिकेट टीम का प्रशिक्षण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सभी खिलाड़ी जब आपस में संगठित होकर खेलेंगे तो सफलता आपके कदम चूमेगी। जब लग्न और आत्मविश्वास मिल जाते है तो निश्चित रूप से सफलता मिलती है। यह बात डीपीई डॉ. बलबीर सिंह भारी ने शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित अंडर-17 ब्वॉयज क्रिकेट टीम के प्रशिक्षण कैम्प के दौरान खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कही। शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार द्वारा अंडर-17 ब्वॉयज क्रिकेट टीम के प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन बाबा द्रोणागिरी क्रिकेट अकेडमी ललौदा, जिला फतेहाबाद में किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में हरियाणा टीम के 16 खिलाड़ी भाग ले रहे है। इस टीम में 4 खिलाड़ी जिला फतेहाबाद से, 4 खिलाडी जिला झज्जर से, 3 खिलाड़ी फरीदाबाद से, 1-1 खिलाड़ी जिला जींद, अम्बाला, कुरुक्षेत्र, गुरुग्राम व भिवानी से है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ललौदा के खिलाड़ी बादल को हरियाणा टीम का कप्तान बनाया गया है। मंदीप सिंह धोनी को टीम मैनेजर एवं सुनील खत्री पीटीआई झज्जर को टीम का कोच बनाया गया है। हरियाणा टीम मैनेजेर मंदीप सिंह धोनी ने बताया कि प्रशिक्षण कैम्प के बाद 15 जनवरी को टीम पटना (बिहार) में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जाएगी। मौके पर ललोदा स्कूल के डीपीई डॉ. बलबीर सिंह भारी, कैम्प की डायरेक्टर श्रीमती चन्द्रावती देवी पीजीटी शारीरिक शिक्षा, धर्मवीर पीजीटी इंग्लिश, मंजीत पीजीटी इकोनॉमिक्स, महा सिंह पीजीटी कॉमर्स व अभिभावक गण मौजूद थे। हरियाणा टीम मैनेजर ने कहा कि मुझे भरोसा है कि फतेहाबाद के जिला शिक्षा अधिकारी दयानंद सिहाग व एईओ अनूप सिंह के आशीर्वाद से व टीम कप्तान बादल ललोदा के नेतृत्व में टीम हरियाणा का नाम रौशन करेगी।



फतेहाबाद। प्रशिक्षण कैम्प में भाग लेते हरियाणा क्रिकेट टीम के सदस्य।

**आयोजन** एमएम शिक्षण कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती पर दिखाई गई डॉक्युमेंट्री

# युवाओं को सफलता की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं स्वामी विवेकानंद के विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

समाजसेवक और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उनका कहना था कि 'उठो जागो और तब तक मत रूको, जब तक तुम्हें तुम्हारे लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।' स्वामी विवेकानंद ने भारतीय समाज को जागरूक करने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। उनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह बात मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर आध्यात्मिक प्रकोष्ठ व एनएसएस यूनिट द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आध्यात्मिक प्रकोष्ठ की इंचार्ज सुनीता तलवाड़ ने कही।

कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों को उनके जीवन दर्शन पर एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन से अवगत करवाना था। सुनीता तलवाड़ ने बताया कि स्वामी विवेकानंद पूरे विश्व में अध्यात्म का संदेश देने वाले महान गुरू प्रवर्तक रहे। उनके द्वारा दिए गए संदेश और उनके विचार युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गए क्योंकि वे अपने अधिकतर संदेश और भाषण में युवाओं को संबोधित करते थे, इसलिए उनके विचारों को युवाओं की सफलता का मूल मंत्र कहा जाता है। स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं को सफलता की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। डॉक्यूमेंट्री के बाद सभी विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से क्या प्रेरणा मिली, इसके बारे मं अपने विचार रखें।



फतेहाबाद। एमएम शिक्षण महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सुनीता तलवाड़ व उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### स्वामी विवेकानंद की सेवाओं को किया याद

सिरसा। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद की सेवाओं को याद किया। कार्यक्रम अधिकारी नरेश कुमार ग्रोवर ने बच्चों को जागरुक करते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था और वह हमारे देश के एक ऐसे संन्यासी थे जिन्होंने देश के युवाओं में ऊर्जा और नैतिक गुणों का विकास करने के लिए अपने जीवन का दायित्व निभाते हुए युवाओं में जोश भरा। वे युवाओं में देश की संस्कृति का विकास करने में सफल रहे। उन्होंने कैंप में बच्चों को स्वामी जी के नैतिक कायारें पर प्रकाश डाला। इस दौरान स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर बच्चों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन किया। कैंप में लगभग 50 बच्चे भाग ले रहे हैं।

## भट्टू में धूमधाम से मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती



भट्टूकलां। विवेकानंद जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

श्री सनातन धर्म संगठन भट्टूकलां कार्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसमें गौरव सैनिक संगठन फिट एंड हिट गुरप और लेक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के सभी सदस्य,अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर भट्टू महाविद्यालय के स्वयंसेवक और प्रभारी ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने अपना वक्तव्य रखा और स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रदेश उपाध्यक्ष हरियाणा लेक्चर वेलफेयर एसोसिएशन बंशीलाल गुर्जर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।


दुनिया में सबसे तेज जानवर चीता है, जो 70 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ सकता है।

# यंगभूमि


सबसे ऊंची उड़ान भरने वाला पक्षी गिद्ध है, जो 11,000 मीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है।



# सीसीसी क्या है, इस कोर्स को करने के क्या हैं फायदे



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

क्या आपने कभी सीसीसी कोर्स के बारे में सुना है। यह एक कंप्यूटर कोर्स है। इस कोर्स की शुरुआत कंप्यूटर लिटरेसी को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। आज हमारे इस आर्टिकल में हम आपको सीसीसी कंप्यूटर कोर्स से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने जा रहें है। सीसीसी का पूर्ण रूप है (कोर्स ऑन कंप्यूटर कांसेप्ट)। आज के समय में कंप्यूटर की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। रोजगार पाने और करियर बनाने में कंप्यूटर का ज्ञान हमारी बहुत अधिक मदद करता है। नई-नई जॉब पाने के लिए कंप्यूटर कोर्स अनिवार्य कर दिए गए है। साथ ही यह हमारी दैनिक जिंदगी का भी हिस्सा बन गया है।

## हर माह आयोजन

आपको बता दें कि एनआईईएलआईटी (नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ इलेक्ट्रोनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी) संस्था की तरफ से हर महीने सीसीसी कोर्स का आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए सीसीसी कोर्स की परीक्षा का आयोजन होता है, जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए इच्छुक है वह एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरकर आवेदन भेज सकता है। इस कोर्स की विशेषता यह है कि कोई भी भारतीय नागरिक इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है। कोर्स के लिए कोई स्पेशल आयु या फिर पात्रता निर्धारित नहीं की गई है। अब इस कोर्स को करने वालों की संख्या भी बढ़ चुकी है क्योंकि कई जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी इजाफा हुआ है। ज्यादातर जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी बढ़ोतरी देखी गई है।



## इस प्रकार करें कोर्स

सीसीसी कोर्स हेतु आपको ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सीसीसी ऑनलाइन अप्लाई फोर्म भरने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुल जाएगा। इस होम पेज पर आपको "**Apply Online**" का ऑप्शन दिखाई देगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही अगले पेज में आपकी स्क्रीन पर बहुत से कोर्स के ऑप्शन दिखाई देंगे। यहां आपको "**IT Literacy Programme**" के सेक्शन में "**Course on Computer Concepts**" के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर नया पेज ओपन होगा, यहां आपको डिक्लेरेशन पर टिक करके "**I Agree & Proceed**" के बटन पर क्लिक कर देना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर फार्म ओपन हो जाएगा। इस फॉर्म में आपको रजिस्ट्रेशन डिटेल्स, एप्लिकेंट पर्सनल डिटेल्स, कांटेक्ट डिटेल्स, एड्रेस डिटेल्स, क्वालिफिकेशन डिटेल्स, एग्जामिनेशन डिटेल्स और पहचान की जानकारी भरनी होगी। इसके बाद आपको पासपोर्ट साइज फोटो, साइन और अंगूठे का इम्प्रेशन स्कैन करके अपलोड करना होगा। यह करने के उपरांत आपको फॉर्म में दिया गया कैप्चा कोड भरकर डिक्लेरेशन पर टिक करना होगा। इस पूरी प्रक्रिया के बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। आपकी आवेदन प्रोसेस पूर्ण हो जाएगी।

## परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड

जैसा कि आप सभी जानते हैं परीक्षा में प्रवेश करने के लिए सभी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड दिया जाता है। इस एडमिट कार्ड के जरिए ही आप परीक्षा में बैठने के योग्य होते हैं। ऐसे में सीसीसी परीक्षा के लिए भी कुछ दिनों पहले एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होने वाले हैं वह अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सीसीसी एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही जारी होंगे जिसे सभी छात्र एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन डाउनलोड

### यह प्रक्रिया अपनानी होगी

सीसीसी एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुलेगा। होम पेज पर आपको डाउनलोड एडमिट कार्ड का ऑप्शन नज़र आएगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने कोर्स की लिस्ट ओपन हो जाएगी। यहाँ आपको **IT Literacy Programme** के सेक्शन में **Course on Computer Concepts** के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने वचन पत्र खुलकर आएगा, आपको इसे सावधानी पूर्वक पढ़ना होगा। इसी पेज में आपको नीचे दिए गए डिक्लेरेशन पर टिक करके एग्री के बटन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपकी स्क्रीन पर एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए फॉर्म खुल जाएगा। यहां आपको मांगी गई जरूरी जानकारी भरनी होंगी। उसके बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही आपकी स्क्रीन पर सीसीसी एडमिट कार्ड प्रदर्शित हो जाएगी। अब आप एडमिट कार्ड को सेव करके डाउनलोड कर पाएंगे

### 90 मिनट में हल करने होते हैं 100 प्रश्न

सीसीसी की परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा होती है। इस परीक्षा में 100 वैकल्पिक प्रश्न आते है। हर प्रश्न एक नंबर का होता है। परीक्षा के लिए 90 मिनट का समय दिया जाता है। सीसीसी परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं होती है तथा छात्रों को उनकी डिवीजन के बेस पर ग्रेड मिलता है। जैसे 50 से कम अंक लेने वाले उम्मीदवार फेल होते हैं, 50- 54 को डी, 55-64 को सी, 65-74 को बी, 75-84 को ए ग्रेड मिलता है।

## जॉब के साथ-साथ यह वास्तव में एक सराहनीय काम

# बच्चों और गरीब वर्ग की सहायता करना चाहते हैं तो आंगवाड़ी टीचिंग में बनाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

### महिलाओं के लिए समाज सेवा करने का माध्यम

आंगनवाड़ी टीचर बनना अपने आप में ही एक उपलब्धि है क्योंकि आंगनवाड़ी शिक्षक बनकर आप बच्चों और गरीब वर्ग के लोगों की सहायता कर सकते हैं। यह वास्तव में ही एक सराहनीय काम है। इससे आप बच्चों की शिक्षा में सहायता कर सकते हैं तथा गरीब वर्ग के लोगों की भी मदद कर सकते हैं। एक आंगनवाड़ी सहायिका अपने समाज में महिलाओं और बच्चों की देखभाल करने में अहम भूमिका निभाती है। अगर आपके मन में सवाल उठ रहा है कि आंगनवाड़ी शिक्षक बनने के लिए क्या करना होता है तथा इसके लिए कौन सी योग्यताएं चाहिए होती हैं तो बिल्कुल भी चिंतित ना हो। आज हमारे इस लेख के माध्यम से हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी प्रदान करेंगे। हम यहां पर आपको बताएंगे कि आंगनबाड़ी शिक्षक बनने के लिए क्या-क्या योग्यता होनी चाहिए तथा आप किस प्रकार एक आंगनवाड़ी टीचर बन सकते हैं।





## आंगनवाड़ी शिक्षक बनने के लिए जरूरी शैक्षिक योग्यता

**शैक्षिक योग्यता:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप कम से कम 12वीं कक्षा पास होने चाहिए। शिक्षा मंत्रालय की तरफ से मान्यता प्राप्त बोर्ड से आपकी पढ़ाई पूरी होनी चाहिए।

**आयु सीमा:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।

**भाषा योग्यता:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप हिंदी भाषा बोलने में पूर्ण रूप से सक्षम होने चाहिए। आपको बच्चों को सही संज्ञानात्मक पाठ देने में पूरा ज्ञान होना चाहिए।

**प्रशिक्षण प्राप्त करें:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपको संबंधित ट्रेनिंग लेनी होगी। आप स्थानीय या राष्ट्रीय सरकारी अथवा निजी संस्थानों से टीचर ट्रेनिंग कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए आपको बाल विकास, शिक्षा में प्रवीणता, बाल संरक्षण आदि के विषयों में गहन ज्ञान लेना होगा।

**योग्यता की जांच:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए, आपको 12वीं कक्षा पास होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त आपको भी बाल विकास या संबंधित विषयों में अवधारणा होनी चाहिए।

**आवश्यक कागजात की तैयारी:** आंगनवाड़ी टीचर के पद के लिए आवेदन करने से पूर्व, आपको जरूरी दस्तावेजों की तैयारी करनी होगी। आपको अपनी शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, और किसी भी अन्य आवश्यक दस्तावेजों की एक कॉपी तैयार रखनी होगी।

**नौकरी के लिए आवेदन:** यदि आपने योग्यता और प्रशिक्षण ले लिया है, तो अपने आस-पास के आंगनवाड़ी केंद्रों में नौकरी के लिए आवेदन कर सकते है। आपको नौकरी के लिए लिखित परीक्षा और इंटरव्यू पास करना होगा इसके बाद ही आपको नौकरी मिलेगी।

**अनुभव ले :** आंगनवाड़ी शिक्षिका बनने के लिए आपके पास टीचिंग के फील्ड में अनुभव प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए, आप अनुभवी टीचर के साथ सहयोग कर सकते हैं. आप विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं और विभिन्न शिक्षा संगठनों से जुड़कर काम कर सकते हैं।

### बच्चों और माताओं को लाभ

**बच्चों का सम्पूर्ण विकास:** आंगनवाड़ी में होने वाले कार्यक्रम बच्चों के सामाजिक, शारीरिक, और मानसिक विकास को प्रोत्साहन देते हैं। यहां बच्चों को नैतिक मूल्यों, सामाजिक योग्यता, और आत्मविश्वास सिखाया जाता है।

**स्वस्थ रहना:** आंगनवाड़ी सेंटर में बच्चों को स्वस्थ खानपान की सलाह दी जाती है और उन्हें नियमित चिकित्सा परीक्षा का लाभ दिया जाता है।

**पोषण की सुरक्षा:** आंगनवाड़ी में उपलब्ध पोषण सेवाएं बच्चों को सही आहार देने के बारे में जानकारी देती हैं और उनके पोषण स्तर का ध्यान रखती हैं। इससे उनकी गहरी कमजोरी और पोषण संबंधित समस्याओं का समाधान होता है।

**माता की देखभाल:** आंगनवाड़ी में मौजूद मातृ देखभाल सेवाएं माताओं को गर्भावस्था, प्रसव, और प्रसव के बाद की देखभाल के लिए मदद करती है।



## अलग अलग क्षेत्रों में होते हैं नियमों के अनुसार आंगनवाड़ी पद

अगर हम आंगनवाड़ी में होने वाले विभिन्न पदों की बात करें तो आंगनवाड़ी में कई प्रकार के पद होते है। इनकी संख्या अलग अलग राज्यों के अनुसार निर्धारित होती है। हम आपको यहां इस बारे में पूरी जानकारी दे रहे हैं। आशा करते हैं कि इसके बाद आपको कोई भी आशंका नहीं रहेंगी।

**आंगनवाड़ी सेविका:** आंगनवाड़ी सेविका मुख्य रूप से बच्चों और माताओं की देखरेख करने का काम करती है। आंगनबाड़ी सेविका शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, और सामाजिक सुरक्षा संबंधित कार्यों कों संचालित करती है।

**आंगनवाड़ी सहायका:** आंगनवाड़ी सहायका सेविका की सहायता करने का काम करती हैं और उन्हें विभिन्न कार्यों में सहायता उपलब्ध करती है। वे सामान्यतः आंगनवाड़ी सेविका के अधीन कार्य करती हैं। यानी की आंगनवाड़ी सहायिका आंगनबाड़ी सेविका के अंडर में काम करती है।

**मिशन आंगनवाड़ी सेविका:** कुछ राज्यों में, मिशन आंगनवाड़ी सेविका के पद होते हैं जो सेविका और सहायका के कार्य को पूरा करती है। इनका काम आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के काम को पूरा करना होता है।

**आंगनवाड़ी सहायिका कम और संशोधित संस्करण:** कुछ राज्यों में, आंगनवाड़ी सेविका और सहायका के संशोधित संस्करण होते हैं जो नए नियमों और मानकों के मुताबिक कार्य करते हैं।

## मिलने वाली सेवाएं

**प्री-स्कूल शिक्षा :** आंगनवाड़ी सेंटर में प्री-स्कूल शिक्षा का विकास किया जाता है। यहां बच्चों को बेसिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और कला-संस्कृति के आधार पर शिक्षा प्रदान की जाती है।

**पोषण सेवाएं :** आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए पोषण सेवाएं होती है। यहां बच्चों को सही आहार, पोषण और स्वस्थ खानपान के बारे में बताया जाता है।

**मातृ देखभाल सेवाएं :** आंगनवाड़ी में मातृ देखभाल सेवाएं भी मुहैया करवाई जाती है। यहां माताओं को गर्भावस्था के दौरान, प्रसव के समय, और प्रसव के बाद सही देखभाल और सलाह प्रदान दी जाती है।

**आरोग्य सेवा :** आंगनवाड़ी में आरोग्य सेवाएं भी उपलब्ध करवाई जाती है। यहां पर बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। आंगनवाड़ी में और भी कई तरह की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती है।

*__सैलरी :__ आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी की बात करें तो यह 5500 से लेकर 7000 तक प्रतिमाह मिलती हैं। मिनी आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी 4250 से लेकर 5500 तक मिलती है तथा आंगनवाड़ी हेल्पर सैलरी 3250 से लेकर 4000 तक प्रति महीना होती है।*

# विद्यार्थियों को सर्दियों में ज्यादा गर्म पानी से नहीं नहाना चाहिए



मोटिवेशनल

नरेंद्र यादव

विद्यार्थी जीवन सीखने के लिए होता है, आप विभिन्न विधाओं में कितना परफेक्शन प्राप्त करते हो, ये आपकी लगन पर निर्भर करता है। मानव जीवन में विद्यार्थी बनने की अवधि छह वर्ष से शुरू होती हैं, कुछ पेरेंट्स अपने बच्चो को तीन वर्ष की उम्र में भी स्कूल में डालने का प्रयास करते हैं ये गलत है। बच्चो को उनके बचपन से वंचित नहीं करना चाहिए जिससे की बच्चो का विकास सही ढंग से हो सकें। हमने जो विषय विमर्श के लिए रखा हैं, वो ज्यादा गर्म पानी से स्नान करने के संबंध में हैं। इस विषय को मैंने इस लिए लिया है क्योंकि अक्सर हम देखते है कि घरों में बाथ रूम में शावर लगे हुए हैं और आजकल बच्चे तथा युवा सर्दियों में शावर के नीचे बैठ कर गर्म पानी का आनंद लेते हैं।

## त्वचा ही नही, हार्ट पर भी पड़ता हैं विपरित असर

युवा साथियों, यहां आपके लिए ये जानना अपरिहार्य है कि ज्यादा गर्म पानी शरीर के विभिन्न अंगों पर विपरित प्रभाव डालता है जिसे हम शीघ्र तो महसूस नहीं कर सकते, परंतु कुछ अवधि के बाद इसका असर दिखने लगता हैं। आओ ज्यादा गर्म पानी के नुकसान के बारे में जानते है, लेकिन नुकसान जानने से पहले आप को मैं ये बताना चाहता हूं कि ज्यादा गर्म पानी कौन सा होता हैं, युवाओं आपकी बॉडी का टेंप्रेचर अथवा तापमान 98.4 डिग्री फार्नहाइट होता है या यूं कह सकते है कि 37 डिग्री सेल्सियस होता हैं, आपके स्नान करने के लिए सर्दियों में पानी का उपयुक्त तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से 5 डिग्री कम या ज्यादा चल सकता हैं, अगर से ज्यादा तापमान है तो वो ज्यादा ही हैं इससे निश्चित रूप में नुकसान होगा। अब ज्यादा गर्म पानी से स्नान के कुछ नुकसान के बारे में जानते है।

1. **ज्यादा गर्म** पानी से नहाने से हमारे सिर के बालों को नुकसान होता हैं, वो कमजोर पड़ने लगते और झड़ने लगते हैं।
2. **आंखों को भी** ज्यादा गर्म से नहाते व्यक्त नुकसान होता हैं क्योंकि जब हम नहाते है तो आंखो में भी गर्म पानी मारते है जिससे आंखो को नुकसान पहुंचता है, रौशनी कम होती हैं।
3. **त्वचा को भी हानि** होती हैं, इससे ज्यादा गर्म पानी शरीर पर रैशेज पैदा कर देता हैं।
4. **ज्यादा गर्म पानी** से स्नान करने से शरीर का तापमान बढ़ता है और उसके कारण शरीर के तापमान को मेंटेन करने के लिए हार्ट को बहुत मेहनत करनी पड़ती है इससे अनावश्यक रूप में हार्ट पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हैं।
5. **ज्यादा गर्म पानी** से स्नान से डिहाइड्रेशन का भी खतरा पैदा होता हैं, शरीर में पानी की कमी होने का डर रहता हैं।
6. **ज्यादा गर्म पानी** से नहाने से रक्तचाप भी ज्यादा होने का खतरा रहता हैं, इसलिए ये तय करना चाहिए कि पानी को बॉडी टेंप्रेचर से पांच डिग्री तक ज्यादा रख सकते हैं इससे ज्यादा स्वास्थ्य के लिए लाभकारी नही होता।

### पीने में निवाया पानी पीना चाहिए

ज्यादा गर्म पानी से स्नान करने से आपका इम्यून सिस्टम भी कमजोर होता है, और युवाओं में अथवा विद्यार्थियों में जो सर्दी गर्मी सहन करने की शक्ति होनी चाहिए, उसे खो देते हैं। इसलिए आम तौर पर कहा जाता हैं कि पीने के लिए निवाया पानी उपयोग करना चाहिए और स्नान के लिए ठंडा पानी का प्रयोग करना चाहिए, इससे स्वास्थ्य ठीक रहता हैं। प्रिय विद्यार्थियों, आपका ये विद्यार्थी जीवन केवल किताबे पढ़ने के लिए ही नही हैं, ये तो सभी प्रकार से आपको परफेक्ट बनना हैं, आपको विद्यार्थी जीवन में ही स्वास्थ्य के राज जानने है, व्यायाम को जानना है, पौष्टिक भोजन के विषय में जानना हैं, आपको जीवन शैली को बेहतरीन करना है, आपको प्रातः जल्दी उठना सीखना है, आपको व्यायाम, दौड़ लगाना सीखना है, विद्यार्थियों आपको ट्रैफिक के नियम सीखने है, आपको सामान्य सदाचार सीखना है, सामान्य एटिकेट सीखने हैं, आपको विनम्रता जाननी हैं, आपको व्यवहार के त्रिगुण जानने हैं, आपको समय का पालन सीखना हैं, आपको प्रत्येक रिश्ते को जानना तथा निभाना सीखना है, बड़े बुजुर्गों के साथ कैसा व्यवहार हो, वो भी विद्यार्थी जीवन में ही सीखना हैं, आपको संवेदनशीलता सीखनी हैं, जीवन में त्याग, तप सीखना हैं। इसलिए जीवन में स्वास्थ्य संबंधी छोटी छोटी बातों पर ध्यान देने की जरूरत हैं ताकि आप सशक्त बन सको।

## सामान्य ज्ञान

**1.** चोल काल में 'कडीमै' का अर्थ था
(ए) भूराजस्य / लगान
(बी) गृह कर
(सी) चारागाह कर
(डी) जलाशय कर

**2.** चोल काल में नौसेना का सर्वाधिक विकास किसके समय में हुआ ?
(ए) परांतक I
(बी) राजराजा I
(सी) राजेन्द्र I
(डी) इनमें से कोई नहीं

**3.** युद्ध में विशेष पराक्रम दिखाने वाले योद्धा को कौन-सी उपाधि दी जाती थी?
(ए) क्षत्रिय शिखामणि
(बी) वेडेक्कार
(सी) महादण्डनायक
(डी) धर्मभट्ट

**4.** 'परैया' का अर्थ है
(ए) अछूत
(बी) ब्राह्मण
(सी) क्षत्रिय
(डी) वैश्य

**5.** चोल काल में सोने के सिक्के कहलाते थे
(ए) कुलंजु
(बी) काशु
(सी) रूपक
(डी) दीनार

**6.** चोल काल में राज्य की स्वामित्व वाली भूमि कलाती थी
(ए) प्रभुमान्यम्
(बी) देवदान
(सी) ब्रह्मदेय
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** चोल काल में किसने हिरण्यगर्भ नामक त्यौहार का आयोजन किया था ?
(ए) लोकमहादेवी
(बी) कुंदवा
(सी) अम्मनदेवी
(डी) मधुरान्तकी

**8.** चीन में व्यापारिक दूत भेजने वाले चोल सम्राट थे
(ए) राजराज I
(बी) राजेन्द्र I
(सी) कुलोत्तुंग चोल I

उत्तर 1.(ए) 2.(सी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### 14 जनवरी को मनाया जाएगा माघी जोड़ मेला

**ओढां।** क्षेत्र के गांव चोरमार खेड़ा स्थित गुरद्वारा साहिब चोरमार में 14 जनवरी को माघी जोड़ मेला मनाया जाएगा। गुरद्वारा साहिब चोरमार के मुख्य सेवादार संत बाबा गुरपाल सिंह ने बताया कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश दिवस व श्री मुक्तसर साहिब की जंग में शहीद 40 मुक्तों की याद में श्री अखंड पाठ साहिब का भोग संपन्न होगा जिसके उपरांत धार्मिक समागम होगा। उन्होंने कहा कि माघी जोड़ मेला में सिख संगत व पंजाब राजस्थान सहित निकटवर्ती प्रदेशों से भी संगत पहुंचती है।

### मकान का ताला तोड़कर आभूषण व कपड़े चुराए

**सिरसा।** कालांवाली में जलघर रोड पर स्थित एक मकान का ताला तोड़कर चोर स्वर्ण आभूषण, कपड़े व अन्य सामान चुराकर ले गए। घटना का पता सदस्य के द्वारा घर आने पर लगा। उसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। जीविका चावला ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व मां को इलाज कराने बठिंडा गया था। आज दोपहर को घर पहुंची तो पाया कि चोर उसकी बहन के ससुराल पक्ष की ओर से दी गई सोने की अंगूठी और नए कपड़े चुराकर ले गए। शहर पुलिस चौकी प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है।

### जरुरतमंदों को वितरित किए कंबल

**सिरसा।** नगराधीश अजय सिंह ने बीती रात को सर्दी से ठिठुरते हुए गरीब लोगों को कंबल वितरित किए। उन्होंने स्थानीय सालासर मंदिर के नजदीक, टाउन पार्क के पास स्थित अस्थाई रैन बसेरा, रेलवे रोड़, बस स्टैंड, आर्य स्कूल के पास स्थित रैन बसेरा, गौशाला रोड व बाल भवन के नजदीक स्थित झुग्गी-झोंपड़ी में जाकर व बरनाला रोड़ पर सर्दी से कांपते हुए गरीब लोगों को लगभग 50 कंबल वितरित किए। नगराधीश ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए स्थाई व अस्थाई रैन बसेरों में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठण्ड से बचाव के लिए रात्रि में ठहर सकता है।

### मिलेनियम पैलेस में महोत्सव 22 को

**हिसार।** श्री रामलीला कमेटी कटला श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को महोत्सव आयोजित करेगी। पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल के सान्निध्य में मिलेनियम पैलेस में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता मुख्यातिथि होंगे।

### श्री कृष्ण सुदामा गोशाला में हवन कल

**हिसार।** चौधरी वास में स्थित श्री कृष्ण सुदामा गोसेवा धाम समिति द्वारा में श्री कृष्ण सुदामा गोशाला (छतरियां वाली) में 14 जनवरी मकर संक्रांति के पावन दिवस पर हवनयज्ञ का कार्यक्रम होगा। समिति के प्रधान संजय डालमिया ने बताया कि 14 जनवरी को सुबह 9:30 बजे पंडित संजीव शास्त्री द्वारा हवनयज्ञ करवाया जाएगा।

### राम शरणम में लोहड़ी महोत्सव आज

**हिसार।** श्रीराम शरणम आश्रम, अर्बन एस्टेट-।। में 13 जनवरी को लोहड़ी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी आश्रम के सेवादार एलडी पोपली ने दी।

## युवाओं ने की बाबा बंदा सिंह बहादुर चौक की सफाई

■ अविनाश फुटेला ने कहा कि बच्चों को दें अच्छे संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

यूथ डे के उपलक्ष्य में केमसोल एडवरटाइजर टीम ने शुक्रवार को बाबा बंदा सिंह बहादुर चौक की साफ-सफाई की। टीम सदस्य सुबह-सवेरे चौक पर पहुंचे और पूरे चौक की सफाई कर उसे पूरी तरह साफ कर चमका दिया। अविनाश फुटेला ने बताया युवा पीढ़ी अपने पूर्वजों को भूलती जा रही है। आधुनिकता की दौड़ में अभिभावक भी इतने व्यस्त हो गए हैं, उन्हें अपने बच्चों को संस्कार देने के लिए समय नहीं है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी संस्कारों के अभाव में अपने लक्ष्य से भटककर नशे की गर्त में जा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम द्वारा समय-समय पर सामाजिक हित से जुड़े कार्य कर युवाओं को प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से भी आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें और पूर्वजों के बारे में जानकारी दें, ताकि बच्चे अपने पूर्वजों को ना भूलें। इस मौके पर गीता, रिया, मुस्कान सोनी, मोनिका भाटिया, लवली सोनी, सुरेंद्र बब्बर आदि उपस्थित थे।

## 2023 में फतेहाबाद पुलिस ने 1162 लोगों पर कसा शिकंजा

## 17 किलो 676 ग्राम अफीम, 4 किलो 467 ग्राम चरस, 1 किलो 586 ग्राम हेरोइन बरामद

■ नाजायज हथियार रखने वालों पर भी कार्यवाही करते हुए बीते वर्ष 59 मामले दर्ज कर 101 लोगों को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के दिशा निर्देशानुसार जिला पुलिस ने विभिन्न अपराधिक मामलों में वर्ष 2023 में 1162 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस ने पिछले एक वर्ष में नशा तस्करों, शराब तस्करों, जुआरियों व अवैध हथियार रखने वालों पर कार्यवाही करते हुए उनके कब्जे से भारी मात्रा में बरामदगी की है।


एसपी आस्था मोदी

### अपराध पर अंकुश लगाने में पुलिस गंभीर

पुलिस ने उनके कब्जे से 8599 बोतल देसी शराब, 1159 बोतल नाजायज शराब, 193 बोतल अंग्रेजी शराब, 83 बोतल बीयर, 5669 लीटर लाहन के अलावा 11 अवैध शराब की चलती भट्टी भी पकड़ी है। पुलिस का जुआरियों पर भी चाबूक चला है। पुलिस ने 2023 में 142 मामले दर्ज कर 292 लोगों को गिरफ्तार किया है वहीं 48 लाख 2 हजार 290 रुपए की जुआ राशि बरामद की है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला पुलिस कानून व्यवस्था बनाने और अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर पूरी तरह से गंभीर है।

एसपी आस्था मोदी ने बताया कि जिला पुलिस ने नशा तस्करों की धरपकड़ के साथ-साथ नशे से प्रभावित युवाओं को अलग-अलग तरह से नशे से दूर रहने के बारे मे दिन रात लोगों को जागरूक करने का काम किया है। इस दौरान सेमिनार, मैराथन, राहगिरी, साइकिल यात्रा, पब्लिक मीटिंग व खेलों के जरिये गांवों मे नशे के विरुद्ध लोगों मे जागरूकता को लेकर साल भर में 200 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। 2023 में नशा तस्करी के 219 मामले दर्ज कर फतेहाबाद पुलिस ने 399 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस दौरान 17 किलो 676 ग्राम अफीम, 4 किलो 467 ग्राम चरस, 22 क्विंटल चूरा पोस्त, 52 किलो 473 ग्राम गांजा, 1 किलो 586 ग्राम हेरोइन, 9840 नशीली गोलियां, 81 नशीली सिरप, 504 अफीम के पौधे सहित करोड़ों का नशा बरामद किया है। नशा तस्करों ने नशा बेचकर अर्जित की अवैध संपत्ति पर भी पुलिस ने नियमानुसार कार्यवाही कर उन्हें जब्त करने का काम किया है। नाजायज हथियार रखने वालों पर भी कार्यवाही करते हुए बीते वर्ष 59 मामले दर्ज कर 101 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 53 पिस्तोल, 2 रिवाल्वर, 2 गन, 15 जिंदा कारतूस, 31 खोल कारतूस तथा 3 मैगजीन बरामद की है। पुलिस ने अवैध शराब तस्करों पर भी कार्यवाही करते हुए 345 मामले दर्ज कर 370 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### भट्टूकलां उपतहसील कार्यालय के बाहर दो महीनों से धरने पर बैठे किसान

# सेम समस्या के समाधान को लेकर किसानों से डीसी ने की बातचीत

उपायुक्त ने किसानों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद


फतेहाबाद। सेम समस्या को लेकर किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अजय सिंह तोमर। फोटो : हरिभूमि

जिले में सेम समस्या के समाधान को लेकर 21 नवम्बर से भट्टूकलां उपतहसील कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर किसान डटे हुए हैं। इस समस्या के स्थाई समाधान को लेकर उपायुक्त अजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ किसान संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन व किसान प्रतिनिधियों की बैठक बहुत ही सौहार्द वातावरण के साथ संपन्न हुई। भट्टू क्षेत्र के गांवों में सेम की समस्या के स्थाई समाधान के लिए पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन से विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर उपायुक्त ने किसानों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भट्टू व भूना आदि सेमग्रस्त क्षेत्रों के समाधान के लिए एस्टीमेट बनाकर स्वीकृति हेतू सरकार को भेजे।

बैठक में भट्टू कलां, फतेहाबाद व भूना के लगभग दो दर्जन गांवों में सेम की समस्या के निजात हेतू नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लाए जाने बारे विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि भट्टू क्षेत्र के खाबड़ा कलां व खुर्द, बनावाली, भट्टू कलां व शैखुपुर गांव के लिए पहले से प्रोजेक्ट बना हुआ है, जिस पर सिंचाई विभाग द्वारा ड्रेन बनाने का कार्य किया जा रहा है।

गांव ढाबी कलां का एस्टीमेट बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि ड्रेन बनने से सेम व बरसात के पानी की निकासी बेहतर ढंग से हो सकेगी। दहमन, बड़ोपल आदि गांवों में ड्रेन बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है और पाइप लाइन भी बिछाई जा रही है। इससे किसानों को लाभ होगा।

### जमीन की क्षमता अनुसार ही फसलों की बिजाई करें किसान : डीसी

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि धरती हमारी माता है, इसको स्वस्थ रखना हम सबकी जिम्मेवारी है। उन्होंने किसान प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे जमीन को स्वस्थ रखे। जमीन की क्षमता अनुसार ही फसलों की बिजाई करें। उन्होंने कहा कि कम लागत व कम पानी से होने वाली फसलों की बिजाई करे। किसान नई-नई तकनीकों को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। सरकार द्वारा किसान हित में क्रियांवित की जा रही अनेक योजनाओं का भी लाभ उठाए। बैठक में इस मौके पर सिंचाई विभाग, कृषि विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारियों सहित तकनीकी विशेषज्ञों ने भी सेम की समस्या के समाधान के लिए जानकारी दी।

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

इस अवसर पर एडीसी डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी, एसडीएम राजेश कुमार, अधीक्षण अभियंता ओपी बिश्नोई, भूमि संरक्षण मंडल अधिकारी डॉ. मुकेश यादव, डीडीए डॉ. राजेश सिहाग, कार्यकारी अभियंता मनदीप सिहाग व देवेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार बलराम जाखड़, बीडीपीओ अनिल बिश्नोई, एसडीओ मान सिंह आदि मौजूद रहे।


फतेहाबाद। पटवारियों और कानूनगो के धरने को संबोधित करते इनेलो जिला प्रधान बलविन्द्र कैरों। फोटो : हरिभूमि

## पटवारियों के आंदोलन को इनेलो ने दिया समर्थन

■ हठधर्मिता छोड़कर बातचीत के माध्यम से पटवारियों और कानूनगो की हड़ताल खत्म करवाए सरकार : बलविन्द्र कैरों

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर धरने पर बैठे पटवारियों और कानूनगो के आंदोलन को इनेलो ने अपना समर्थन दिया है। इनेलो जिला प्रधान बलविन्द्र कैरों के नेतृत्व में इनेलो नेता शुक्रवार को लघु सचिवालय के बाहर चल रहे पटवारियों और कानूनगो के धरने में शामिल हुए और सरकार की हठधर्मिता पर रोष जताया। इनेलो जिला प्रधान बलविन्द्र कैरों ने कहा कि प्रदेश सरकार को कर्मचारियों की कोई परवाह नहीं है। आए दिन कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर सड़कों पर उतरने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि पटवारियों और कानूनगो की हड़ताल के कारण राजस्व का सारा कामकाज ठप्प हो गया है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन प्रदेश सरकार को इसकी कोई परवाह नहीं है। सरकार द्वारा पटवारियों और कानूनगो से बातचीत की कोई पहल नहीं की गई जिससे इस सरकार का हठधर्मी चेहरा साफ उजागर हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज एक-एक पटवारी के पास कई-कई गांवों का चार्ज है लेकिन कामकाज ठप्प होने से इन सभी गांवों के लोग दुःखी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह पटवारियों और कानूनगो से बातचीत कर उनकी जायज मांगों को पूरा कर हड़ताल को खत्म करवाए।


सिरसा। सब यूनिट नाथूसरी चोपटा व सिरसा सब यूनिट कार्यकारिणी सदस्य।

### सर्वसम्मति से खुशीराम बने सब यूनिट प्रधान

**सिरसा।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की सब यूनिट नाथूसरी चोपटा व सिरसा सब यूनिट कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। पर्यवेक्षक के रूप में आए सुरजीत सिंह बेदी मुख्य सलाहकार, अविनाश चंद्र उपराज्य प्रधान, मदनलाल सर्कल सचिव, सुखदेव सिंह यूनिट प्रधान, करनी सिंह सीसी मेंबर, शीशपाल यूनिट कैशियर, भीम सिंह फोरमैन विजेंद्र कुमार लाइनमैन सहित अन्य कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यकारिणी में एस.ए. खुशीराम सब यूनिट प्रधान चुना गया, जबकि नरेश कुमार लाइनमैन को वरिष्ठ प्रधान, जयवीर लाइनमैन उपप्रधान, सुदेश कुमार लाइनमैन सचिव, हरदीप सिंह लाइनमैन सहसचिव, अशोक कुमार कैशियर, विनोद कुमार संगठनकर्ता जसप्रीत प्रेस सचिव चुने गए। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सुरजीत सिंह बेदी मुख्य सलाहकार ने कर्मचारियों व जनता के हित में काम करने की शपथ ग्रहण करवाई। इस अवसर पर कर्मचारियों ने कहा कि यूनियन की मांगों को लेकर बिजली मंत्री ने आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। मंत्री की वादाखिलाफी को लेकर आगामी 23 जनवरी को सभी सर्किलों में प्रदर्शन किए जाएंगे। इसी प्रकार 4 फरवरी को रोहतक में रैली की जाएगी।

### निमंत्रण में छाप रहे धार्मिक चित्र से देवताओं का अपमान

**डबवाली।** शहर में होने वाले विभिन्न धार्मिक आयोजनों में जो निमंत्रण पत्र छापे जाते हैं उनमें कईयों पर देवी देवताओं के चित्र भी छापे होते हैं। बाद में लोग इन निमंत्रण पत्रों को फेंक देते हैं और ऐसे में देवी देवताओं के चित्रों का अपमान होता है। दुकानदार प्रवीण, राकेश कुमार व अन्य ने बताया की कई निजी, धार्मिक व सामाजिक संगठन अपने यहां आयोजन करते हैं। इन आयोजनों के निमंत्रण पत्र में विवरण के साथ-साथ किसी देवी देवता का चित्र भी छपा होता है। इसके अलावा कई सामाजिक संगठनों की विवरणिका पत्रिकाओं में देवी देवताओं के चित्र छापकर इन पत्रिकाओं को शहर में बंटवा दिया जाता है। बाद में यह निमंत्रण पत्र या फिर विवरणिका पत्रिका अनादर का विषय बनती है और बाहर कूड़े के ढेर के साथ फेंक दी जाती है। इससे उन में प्रकाशित चित्रों का अपमान होता है और लोगों की भावनाएं आहत होती हैं। ऐसे में अच्छा यह है कि इस प्रकार के निमंत्रण या पत्रिकाओं के प्रकाशन में किसी देवी देवता का चित्र ना छापा जाए। इन लोगों की यह भी मांग है कि धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को इस मामले में पहल करनी चाहिए और अन्य लोगों को भी जागरूक करना चाहिए।

## पानी निकासी की मांग को लेकर धरना जारी

■ 52 गांवों के ग्रामीणों ने धरना स्थल पर पहुंच कर समर्थन दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चोपटा


सिरसा। चौपटा के चौधरी देवीलाल चौक पर बैठे धरनारत लोग। फोटो : हरिभूमि

नाथूसरी चोपटा में पानी निकासी की मांग को लेकर चोपटा के निवासियों ने अनिश्चितकालीन कालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा है। शुक्रवार को चौपटा क्षेत्र के 52 गांवों के ग्रामीणों ने धरना स्थल पर पहुंच कर समर्थन दिया। चौपटा के चौधरी देवीलाल चौक पर धरनारत लोगों का कहना है कि चोपटा की मुख्य समस्याओं का कोई समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे में पानी निकासी की समस्या को लेकर धरना शुरू किया गया है और जब तक पानी की निकासी की समस्या हल नहीं होगी धरना जारी रहेगा। अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे संत पूर्ण दास महाराज, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सतबीर सहारण, पूर्ण सरपंच रणजीत कासनियां, विरेन्द्र सहु, पूर्व ब्लाक समिति चेयरमेन, बलिन्द्र पूर्व सरपंच, अमर सिंह, राजेन्द्र ओलख पूर्व ब्लाक समिती चेयरमेन, जे पी कस्वां दडवा, पूर्व सरपंच हरिराम सहारण, मा पालाराम कासनियां, ओम सोनी, पच प्रेम मेहता, पंच वेद शर्मा, कर्ण टोक्सिया, मुकेश कुमार, दलीप सोनी सहित कई लोगों ने बताया कि चोपटा में पानी निकासी की समस्या, शौचालय की समस्या सहित कई समस्याएं वर्षोंर् से हल नहीं हो पा रही है। वर्तमान में सिरसा भादरा रोड का निर्माण किया जा रहा है लेकिन पानी निकासी के लिए कोई प्रबंध नहीं किया गया है। इनका कहना है कि रोड के निर्माण से पहले चोपटा में शिविर लाइन डालकर पानी निकासी का प्रबंध किया जाए। जिससे नए रोड का लोगों को फायदा होगा। अगर पानी निकासी की समस्या का कोई हल नहीं किया गया तो बारिश का मौसम आते ही रोड पर पानी खड़ा हो जाएगा। और रोड फिर से टूट जाएगा। इनका कहना है कि पानी निकासी की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री, सांसद सुनीता दुग्गल, बिजली मंत्री रणजीत सिंह और सभी अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया जा चुका है। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है इनका कहना है कि अब सड़क निर्माण से पहले पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो उनका धरना जारी रहेगा।

### बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट व स्वास्थ्य के बारे में बताया

## लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप आयोजित

■ स्किल डेवलपमेंट कैंप के दूसरे दिन 70 छात्र छात्राओं ने भाग लिया

■ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढिल्लो में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चोपटा



सिरसा। कैंप में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

खंड के गांव रामपुरा ढिल्लो स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप के दूसरे दिन 70 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कैंप में आर्ट एंड क्राफ्ट टीचर हंसराज, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर निधि व एएनएम सुंदरी देवी बतौर रिसोर्स पर्सन पहुंचे। उन्होंने कैंप में उपस्थित बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट व स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश ने बताया की विभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम चलाए जाते हैं । वर्तमान में शीतकालीन अवकाश के दौरान लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप व एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया है।

जिसमें विद्यार्थी बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं । कैंप के दूसरे दिन खंड शिक्षा कार्यालय नाथूसरी चौपटा से बीआरपी टीम के सदस्य शंकर शर्मा, हनुमान व रचिता ने कार्यक्रम की मॉनिटरिंग की। इस मौके पर क्लस्टर के एबीआरसी अनिल बना सहित स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## डिपोधारकों की मांगों का किया समर्थन

■ बोले, गलत नीतियों से डिपोधारकों को परेशान करना बंद करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा


सिरसा। धरनारत डिपोधारकों को समर्थन देने पहुंचे गोकुल सेतिया।

युवा नेता गोकुल सेतिया ने शुक्रवार को चौधरी देवीलाल टाउन पार्क में डिपोधारकों की ओर से अपनी मांगों के समर्थन में दिए जा रहे धरने पर पहुंचकर उनकी मांगों का समर्थन किया और सरकार की गलत नीतियों की आलोचना की। युवा नेता गोकुल सेतिया ने कहा कि एक ओर जब 60 वर्ष से अधिक आयु वाले पुरुष या महिला विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री व रा'यपाल बन सकते हैं तो फिर डिपोधारकों की सेवानिवृत्ति कैसी? उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से डिपोधारकों की आयु 60 वर्ष होते ही उनसे डिपो वापिस लेने के निर्णय पर सख्त एतराज जताते हुए कहा कि जब डिपोधारकों को न तो सरकार ने पक्का किया और न ही पक्के कर्मचारियों की तरह कोई सुविधा दी है तो फिर उनकी सेवानिवृत्ति किस आधार पर की जा सकती है? उन्होंने सरकार से इस निर्णय को तुरंत वापिस लेने की मांग की।

### श्री अग्रवाल पार्क ट्रस्ट 17 को करवाएगा सामूहिक विवाह

**सिरसा।** श्री अग्रवाल पार्क ट्रस्ट द्वारा संचालित कन्यादान महाकल्याण के तहत 17 जनवरी को जरूरतमंद कन्याओं की सामुहिक शादियां करवाई जाएगी। ट्रस्ट के प्रधान पुरुषोतम गोयल ने बताया कि आगामी 17 जनवरी को ट्रस्ट की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर सामूहिक शादियां करवाई जा रही है। ट्रस्ट द्वारा तैयारियां की जा रही है।

**सूचना**

मैं, मीरा देवी पत्नी संजय कुमार निवासी वार्ड 10, सपडा मौहल्ला, टोहाना तहसील टोहाना जिला फतेहाबाद बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सुमित कुमार मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### लाइफ स्किल्ड डेवलपमेंट शिविर का आयोजन

**रतिया।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतिया में पांच दिवसीय लाइफ स्किल डेवलपमेंट एवं फन शिविर का आयोजन धूमधाम से किया गया। शिविर के पांचवें व अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य अवनीश गर्ग शामिल हुए जबकि समारोह की अध्यक्षता कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नैब सिंह मंडेर ने की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में गणित प्रवक्ता सुरेश कुमार ने शिरकत की। नोडल अधिकारी कश्मीर सिंह तथा सुनीता कौर ने स्वागत करते हुए पांच दिवसीय समारोह की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### झगड़े के मामले में दो गिरफ्तार

**ओढां।** ओढां थाना पुलिस ने झगड़े के दर्ज मामले में दो आरोपियों को दबोचा है। ओढां थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि बीती 1 नवंबर को पीड़ित के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था जिसकी जांच करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान लखविंद्र व गुरविंद्र निवासी ओढां के रूप में हुई है।

### मकर संक्रांति पर मुनीम एसो. ने लगाया लंगर

**रतिया।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि को लेकर रतिया अनाज मंडी की मुनीम एसोसिएशन द्वारा मंडी के व्यापारियों के सहयोग से अनाज मंडी में आज चाय और ब्रेड पकोड़े का लंगर लगाया गया। रतिया अनाज मंडी के मुनीम एसोसिएशन द्वारा प्रत्येक वर्ष लोहड़ी, मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में लंगर लगाया जाता है। एसोसिएशन के प्रवक्ता ने बताया कि अनाज मंडी के व्यापारियों के सहयोग से मुनिम एसोसिएशन द्वारा यह लंगर लगाया जाता है। इन दिनों में काफी सर्दी पड़ती है इसलिए आपसी भाईचारे ने यह निर्णय लिया कि चाय और ब्रेड पकोड़े का लंगर लगाया जाए जिसके चलते सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक यह लंगर सेवा की गई।

### भूगोल शोध में सॉफ्टवेयर व टूल्स की जानकारी दी

**हिसार।** दयानंद महाविद्यालय के सभागार में भूगोल विभाग द्वारा रिसेंट रिसर्च ट्रेंड्स इन ज्योग्राफिकल स्टडीज विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के दूसरे और तीसरे दिन के मुख्य वक्ता डॉ. संदीप कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर आईआईएचएस, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र ने विद्यार्थियों को भूगोल शोध से संबंधित सॉफ्टवेयर और टूल्स की विस्तृत जानकारी दी।

### डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ ने दी हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफ सोसायटी एक्ट 2012 के तहत सोसायटी नवीनीकरण के लिए प्राइवेट स्कूल सोसायटी को और समय दिए जाने व लगाए गए जुर्माने को वापस लेने की मांग की है। संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू के नेतृत्व में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए स्कूलों को राहत देने की मांग की।

### भाजपा नेता राजीव शर्मा को मातृ शोक

**हांसी।** भाजपा नेता व समाज सेवी राजीव शर्मा और संजीव शर्मा पंडित जी बीज वाले की माता 77 वर्षीय चंद्रकांता शर्मा का शुक्रवार दोपहर बाद स्वर्गवास हो गया। चंद्रकांता शर्मा पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। उनका दाह संस्कार शनिवार सुबह 11 बजे सिसाय पुल के निकट श्मशान घाट में किया जाएगा।

### मंगाली मोहब्बत के स्कूल में शिविर 15 को

**हिसार।** सूक्ष्म, लघु या मध्यम उद्यम विभाग द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 15 जनवरी को गांव मंगाली मोहब्बत स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में क्षेत्र के कारीगरों और शिल्पकारों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें टिप्स दिए जा रहे है।

---

### सीएम विंडो की शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

# कुलां में काटी कालोनी में निर्माण शुरू, प्लाटों के सौदे भी हो रहे

**गांव में तेजी से पनप रही अवैध कॉलोनियां। समाजसेवी ने सीएम विंडो पर की थी शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल



जाखल। कुलां में कालोनियों में चल रहा निर्माण कार्य।

गांव कुलां में अवैध कॉलोनियां तेजी से पनप रही हैं। क्षेत्र निवासी एक समाजसेवी युवा ने सीएम विंडो में शिकायत दर्ज कर यह आरोप लगाए हैं। प्रशासन के इस ढुलमुल रवैये का नतीजा हैं कि यहां कालोनी स्वरूप कृषि योग्य भूमि में प्लॉटों का निर्माण भी हो रहा हैं। इसे कालोनाइजरो की हिम्मत ही कहें, जिन्होंने स्वयं की मनमर्जी से अपना लेआउट प्लान बनाकर सस्ते प्लॉट का ऑफर देकर, मोबाइल के माध्यम से ही मार्केटिंग कर प्लॉट तक बेच दिए हैं। बीते दिन टोहाना उपमंडल के ही गांव जमालपुर शेखा में विभाग ने अवैध कालोनी पर कार्यवाही की थी। इससे प्रश्न ये उठता है कि टोहाना के ही अंतर्गत कुलां गांव में पनप रहीं कालोनियों की कोई जांच पड़ताल या कार्यवाही की आंच तक क्यों नहीं पहुंच रहीं हैं। अवैध कालोनी काटने की शिकायत सीएम विंडो पर दर्ज कराने के बाद भी कुलां में सक्रिय कालोनाइजर को देख यूं प्रतीत होता है कि इन्हें प्रशासनिक कार्यवाही का जरा भी भय नहीं हैं। जिला प्रशासन की ओर से पटवारी, तहसीलदार, डीटीपी आदि की जिम्मेदारी होती हैं कि वो अवैध कालोनी को न विकसित होने दें लेकिन संबंधित तमाम अधिकारी कुलां में कालोनियों पर कोई कार्यवाही करना तो दूर, जांच तक करने का साहस नहीं जुटा रहे हैं।

#### फंस रहे लोग

ग्रामीण क्षेत्र में विकसित हो रही कालोनी वैध है या अवैध, प्रशासन द्वारा इसकी कोई जानकारी लोगों से सांझा नहीं की जाती है। इसके नतीजन अज्ञानता के कारण लोग अनाधिकृत कॉलोनी में भी प्लॉट खरीद लेते हैं। यहीं नहीं, अवैध कालोनियां पनपने के शुरुआती दौर में तो प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं करता है, बाद में लोग जब वहां निर्माण कर लेते हैं तो विभाग निर्माण तोड़फोड़ की कार्यवाही करता हैं। इसका खामियाजा आम गरीब लोगों को भुगतना पड़ता है। क्षेत्र के गणमान्य लोगों का कहना है कि आम लोगों को इस ठगी से बचने के लिए प्रशासन को अवैध कॉलोनी की लिस्ट नायब तहसीलदार को भेजकर तहसील कार्यालय में बोर्ड लगाने का कार्य करें, जिससे लोग कालोनी की वास्तविकता से वाकिफ हो सकें।

#### अधिकारियों पर आरोप

ग्रामीण क्षेत्र में आते कुलां गांव में कट रहीं कालोनियों की जिम्मेदारी यहां के संबंधित पटवारियों की थी कि वो समय-समय पर मौका मुआयना कर अवैध कालोनी की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर उन्हें इस बाबत अवगत कराएं। प्रश्न ये है कि पटवारियों ने अपना दायित्व निभाया या फिर पटवारियों द्वारा भी इस मामले में चुप्पी साधी गई हैं। इसके अतिरिक्त नियम कायदों के धयानार्थ नायब तहसीलदार द्वारा भी यहां के संबंधित पटवारी को आदेशित अपने क्षेत्र का निरीक्षण कर अवैध कालोनियों की जानकारी तलब करनी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने ऐसा करने की जहमत नहीं उठाई।

#### आपदा प्रबंधन विभाग ने दिए थे रजिस्ट्री पर रोक के आदेश

कुलां में कृषि भूमि पर करीब दो वर्ष पहले जब कालोनी बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी, उसके कुछ समय बाद ही गांव धारसूल कलां निवासी राजेंद्र सिंह ने इसकी शिकायत सीएम विंडो व मंत्री अनिल विज को भेजी गई थी। इसके बाद राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा उसी वक्त जिला उपायुक्त को पत्र अग्रेषित कर रजिस्ट्रियों पर प्रतिबंध लगाने के साथ 15 दिन में कालोनी की रिपोर्ट तैयार करने के आदेश जारी किए गए थे लेकिन उसके बावजूद कालोनी में न केवल प्लॉटों की रजिस्ट्रियां हुई अपितु कालोनी में खुलेआम प्लॉट पर निर्माण भी हो गए है। ऐसे में लोगों को ये माजरा समझ नहीं आ रहा हैं कि आखिरकार कालोनी की रजिस्ट्रियां और निर्माण कैसे हो रहे हैं। ये जांच का विषय हैं।

---

## 21 कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाएगा क्लब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डबवाली

लायंस क्लब अक्स की बैठक प्रधान अरविंदर मोंगा टोनू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में तय किया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लायंस क्लब अक्स द्वारा 25 फरवरी 2024 को सामूहिक कन्यादान अक्स आशीर्वाद विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें कि ऐसी 21 कन्याओं की शादी सामूहिक विवाह समारोह में करवाई जाएंगी जिनके परिजन शादी का खर्च वहन करने में आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। क्लब संस्थापक सतीश जग्गा ने बताया कि जिन निर्धन बच्चों के परिजन तथा स्वयं वर-वधू शादी का खर्च वहन करने में सक्षम नहीं हैं, उनकी शादी इस सामूहिक कार्यक्रम में संस्था करवाएगी। इस शादी में बैंड बाजा, खाना पीना, आवभगत, वर-वधू को उपहार, स्त्री धन आदि सब इलाका वासियों की और से कन्याओं को दिया जाएगा। श्री जग्गा ने बताया कि जिस धर्म के रस्मों रिवाज से वर वधु चाहेंगे उसी के अनुसार उनकी शादी करवाई जाएगी। केवल उन अविवाहित तथा बालिग वर-वधू की शादी सम्पन्न करवाई जाएगी जिनका रिश्ता तय हो चूका है और परिजन रजामंद है। इस हेतु इन्हे क्लब द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार ही प्रार्थना पत्र भरना होगा।

## स्कूटी सवार से नकदी छीनने के आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना

टोहाना शहर पुलिस ने स्कूटी सवार दुकानदार से 70 हजार रुपए छीनने मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने वारदात में शामिल मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी शादी राम ने एएसआई विनोद कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर वारदात के कुछ समय बाद ही तीनों आरोपियों को गांव अकांवाली से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है। पकड़े गए तीनों आरोपियों की पहचान विजय उर्फ हैप्पी निवासी अकांवाली, संदीप उर्फ कमलदी व समीर उर्फ सेम निवासी जमालपुर शेखां के तौर पर हुई है। पुलिस आज तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, आरोपी संदीप उर्फ कमलदीप व समीर उर्फ सेम को न्यायिक हिरासत में हिसार भेजा गया जबकि वारदात की साजिश रचने वाला मुख्य आरोपी विजय उर्फ हैपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से अन्य आरोपियों की पूछताछ व छीनी गई नगदी को बरामद किया जाएगा। बता दें कि नया बाजार टोहाना स्थित डाबरा करियाना स्टोर का मालिक निखिल डाबरा वीरवार को दोपहर बाद लगभग साढे तीन बजे अपने घर से

---

## गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

नगराधीश अजय सिंह ने कहा कि 26 जनवरी को स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में जिला स्तर पर गणतंत्र दिवस समारोह पूर्ण हषार्ेल्लास व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। राष्ट्रीय पर्व के सफल आयोजन के लिए अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण निष्ठा, कर्मठता व ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। नगराधीश शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के लिए लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों-कर्मचारियों दिशा-निर्देश दे रहे थे। बैठक में एसडीएम सिरसा राजेंद्र कुमार, एसडीएम ऐलनाबाद वेद बेनिवाल, एसडीएम कालांवाली सुरेश रावेश, सहायक आयुक्त (प्रशिक्षणाधीन) शाश्वत सांगवान, डीआईपीआरओ संजय बिढलान, सीएमओ एमके भादू, सचिव रेडक्रॉस लाल बहादुर बेनिवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने समारोह के सफल आयोजन के लिए अलग-अलग प्रशासनिक तथा विभागीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई। उन्होंने आयोजन स्थल की सफाई, बैठने की व्यवस्था, मंच की सजावट, शौचालय व्यवस्था, एंबुलेंस, पेयजल आदि के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई।

## संदेश यात्रा को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

- संदेश यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। कांग्रेस की संदेश यात्रा को लेकर कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का संदेश लेकर चली कांग्रेस कमेटी की संदेश यात्रा इस माह के अंत तक फतेहाबाद में प्रवेश करेगी। कांग्रेस संदेश यात्रा की तैयारियों को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विशेष रूप से फतेहाबाद के पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया व हरियाणा कांग्रेस के प्रतिनिधि नवनीत गोदारा भी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि 29 जनवरी को कांग्रेस संदेश यात्रा फतेहाबाद जिला में प्रवेश करेगी। 29 जनवरी को प्रातः 9 बजे गांव भोड़ा से यह यात्रा शुरू होगी। जिला फतेहाबाद में इस यात्रा का नेतृत्व में सीड्ब्ल्यूसी की सदस्य एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्षा कुमारी शैलजा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं कर्नाटक राज्य के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला व पूर्व मंत्री एवं तोषाम की विधायक किरण चौधरी करेंगी। गांव भोड़ा से शुरू होकर कांग्रेस की संदेश यात्रा गांव खाराखेड़ी, बड़ोपल, धारनिया, ढाण्ड, बनावाली होते हुए किरढ़ान पहुंचेगी। जहां एक विशाल जनसभा का आयोजन होगा। इसके बाद गांव ढींगसरा, भोड़िया, अयालकी, अहरवां, हमजापुरा होते हुए रतिया शहर में यात्रा का स्वागत होगा। यहां भी एक बड़ी जनसभा को दिग्गज नेता संबोधित करेंगे। इसके बाद गांव नथवान, चिम्मो, नन्हेड़ी, कुलां, अकांवाली होते हुए टोहाना हलके के गांव जमालपुर में एक बड़ी जनसभा के बीच यात्रा का ठहराव होगा और जनसभा को संबोधित किया जाएगा। इसके बाद टोहाना में जलपान कार्यक्रम का आयोजन होगा। वहीं समापन एवं रात्रि विश्राम टोहाना में ही होगा।

### सड़क हादसे में पेट्रोल पंप सेल्समैन की मौत

**फतेहाबाद।** नेशनल हाइवे पर गांव धांगड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पैट्रोल पम्प के सैल्जमैन की मौत होने का समाचार है। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव धांगड़ निवासी अजय ने कहा है कि उसके पिता 55 वर्षीय सुभाष फतेहाबाद में पैट्रोल पम्प पर काम करते हैं। वीरवार शाम को वह पैट्रोल पम्प पर ड्यूटी के बाद सड़क पर पैदल नेशनल हाइवे पर गांव धांगड़ की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे धांगड़ पुल के पास पहुंचे तो पीछे से आए अज्ञात वाहन के चालक ने वाहन को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए सुभाष को टक्कर दे मारी और मौके से फरार हो गया।

---

## एनएचएम कर्मियों ने ज्ञापन सौंपा

- कर्मचारियों ने मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। एनएचएम कर्म्रियों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

एनएचएम कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर शुक्रवार को सीएमओ को एक ज्ञापन सौंपा। कुंदन गावड़िया, अंशु मुंजाल, अनिल मलिक, चेतन ग्रेवाल, प्रीतम ने संयुक्त रूप से बताया कि एनएचएम कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं के समाधान हेतु चर्चा के लिए बार-बार समय मांगा व समाधान के लिए अनुरोध किया, परन्तु बडे. खेद के साथ लिखना पड़ रहा है कि न तो मांगों व समस्याओं के समाधान हेतु चर्चा के लिए समय दिया गया और न ही मांगों व समस्याओं का समाधान किया गया, जोकि कर्मचारियों के प्रति अधिकारियों की निष्क्रियता व अकर्मण्यता को दर्शाता है। इसके कारण कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना घर कर रही है और उनकी कार्यकुशलता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। कर्मचारियों में रोष भी बढ़ता रहा है। उन्होंने मिशन निदेशक हरियाणा से अनुरोध किया कि वर्णित मांगों व समस्याओं के समाधान के लिए हस्तक्षेप करते हुए अपनी अध्यक्षता बैठक कर समस्या का हल निकाले।

### पूर्व विधायक की पुण्यतिथि पर परिवार ने की गोसेवा

**फतेहाबाद।** पूर्व विधायक बलबीर सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर उनके पौत्र एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रणबीर चौधरी के पुत्र विक्रम चौधरी, पौत्रवधु कोनिका चौधरी, पौत्र करण चौधरी ने आज अपने परिवार के साथ जीटी रोड स्थित गऊशाला व बीघड़ रोड स्थित नंदीशाला में पहुंचकर गौवंशों को हरे चारे व गुड़ का भोग लगाया। इस अवसर पर गऊशाला व नंदीशाला के कर्मचारियों को मूंगफली व रेवड़ी का प्रसाद वितरित किया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति सेवा की भावना की प्रेरणा उन्हें अपने स्व. दादा जी पूर्व विधायक बलबीर सिंह से प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक का पूरा परिवार हमेशा ही समाजसेवा के कार्योंं में बढ़चढ़ कर भाग लेता है।

## जनसंदेश यात्रा का दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी।

आगामी 27 जनवरी को सिरसा की नई अनाजमंडी में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा के नेतृत्व में होने वाली जन संदेश यात्रा रैली ऐतिहासिक होगी और सिरसा के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी रैली होगी। इस रैली में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला व विधायक किरण चौधरी सहित तमाम पार्टी नेता व पदाधिकारी शिरकत करेंगे। उक्त जानकारी कांग्रेस के पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी ने कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। सैनी ने कहा कि इस रैली का पार्टी के पूरे कुनबे को निमंत्रण दिया गया है। सैनी ने कहा कि कुमारी सैलजा द्वारा प्रदेशभर में जनसंदेश यात्रा निकाली जा रही है, जोकि 17 जनवरी से हिसार से शुरू होगी। सैनी ने कहा कि इस रैली में भी भारी भीड़ जुटेगी। रैली को लेकर लोगों में भारी जोश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टीका प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर जाकर रैली का निमंत्रण देगा। आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों को लेकर पूछे जाने पर सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में माहौल पूरी तरह से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में है और कांग्रेस पार्टी की केंद्र व प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी। इस अवसर पर पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी, वीरभान मेहता, संदीप नेहरा, नवीन केडिया, राजेश चाडीवाल, पार्षद कर्मजीत कौर व अन्य मौजूद रहे।

---

### कुरुक्षेत्र नवमतदाता रैली को लेकर बहबलपुर में जनसंपर्क

# भाजपा के साथ जुड़कर विकास में भागीदार बनें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। मुख्तयार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज बहबलपुर से नवमतदाताओं को रवाना करते भाजपा नेता बलदेव सिंह ग्रोहा व राखी मक्कड़।

भाजपा युवा मोर्चा द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में कुरूक्षेत्र में आयोजित नवमतदाता जागरूकता रैली में फतेहाबाद से भारी संख्या में नवमतदाताओं ने कुरूक्षेत्र के लिए कूच किया। इस रैली को लेकर नवमतदाताओं में भारी उत्साह नजर आया। मुख्तयार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज बहबलपुर से 70 से अधिक नवमतदाता शुक्रवार सुबह कुरूक्षेत्र के लिए रवाना हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा और महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राखी मक्कड़ ने विद्यार्थियों के इस जत्थे को कुरूक्षेत्र के लिए रवाना किया। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ. हरमिंदर सिंह, प्राध्यापक कुलदीप सिंह, आजाद सिंह आदि भी मौजूद रहे। खास बात यह रही कि युवा सम्मेलन में जाने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं की भी अहम भागीदारी रही। बता दें कि राखी मक्कड़ की ही अगुवाई में इन छात्राओं की टीम ने संसद भवन का भी भ्रमण किया था। नवमतदाताओं को रवाना करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राखी मक्कड़ ने कहा कि रैली में पहुंचे नवमतदाताओं ने भाजपा सरकार की युवा कल्याणकारी नीतियों पर मोहर लगाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में भाजपा सरकार युवाओं को सक्षम और सशक्त बनाने के लिए गंभीरता से काम कर रही हैं। सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर आज युवा वर्ग भाजपा के साथ जुड़ रहा हैं। उन्होंने खुशी जताई कि देश का युवा शक्ति राजनीतिक क्षेत्र में बढ़चढ़ कर आगे आ रही है। भाजपा नेताओं ने कहा कि युवा शक्ति न केवल संगठन की पहली पीढ़ी बल्कि संगठन की रीढ़ होते हैं। राखी मक्कड़ ने जत्थे में शामिल छात्राओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें युवाओं को पूरा मान-सम्मान मिल रहा है। मोदी सरकार के कार्यकाल में खासकर बेटियों को वो पहचान मिली है।

## लकड़ियां तोड़ते समय हादसा, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भूना

पेड़ से लकड़ी तोड़ते समय प्रवासी मजदूर महिला की गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतका के पति के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय प्रवासी मजदूर महिला सरोज पत्नी रामनेपाल निवासी द्वारिका कला, जिला सतना, मध्य प्रदेश वीरवार को बैजलपुर से गोरखपुर के बीच थर्मल प्लांट के आरसीसी माइनर निर्माण कार्य में लगी हुई थी। वीरवार की देर शाम को काम के बाद रोटियां पकाने के लिए सुखे पेड़ से ऊपर चढ़कर लकड़ी तोड़ने के लिए कोशिश करने लगी। अचानक लकड़ी का टहना टूटने के कारण महिला गहरी खाई में जा गिरी और सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर मौत हो गई। हालांकि महिला को तुरंत उपचार के लिए सीएचसी केंद्र भूना में दाखिल भी करवाया, मगर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष रामपाल लोहचब मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शुक्रवार को महिला के शव का पोस्टमार्टम करवाया और उसे परिजनों को सौंप दिया। जहां परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने घर मध्यप्रदेश ले गए।